उपरोक्त ऋण के सम्बन्ध में ब्याज की दर 2.6 प्रतिशत वार्षिक है और 10 वर्ष की छूट की अवधि समेत ऋण वसूली की अवधि 30 वर्ष है ।

(ग) और (घ) उपरोक्त परियोजनाओं में से कोई भी परियोजना गुजरात राज्य में शुरू नहीं की जा रही है ।

(ङ) विदेशी सहायता हेतु अनुरोध किए जाने के सम्बन्ध मे गुजरात राज्य से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है ।

सरकारी क्षेत्र की विद्युत परियोजनाओं की लागत वृद्धि

121. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पिछले तीन वर्षों के दौरान सरकारी क्षेत्रों की विद्युत परियोजनाओं की लागत में अत्यधिक वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा उक्त परियोजनाओं की बढ़ी हुई लागत में कमी करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है अथवा किए जाने का प्रस्ताव है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती उर्मिलाबेन चिमनभाई पटेल) : (क) और (ख) विगत तीन वर्षों के दौरान केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की कुछ विद्युत परियोजनाओं की लागतें में वृद्धि हुई है । इनमें से कुछ परियोजनाओं का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है । इस प्रकार की वृद्धि के कारणों में, अन्य बातों के साथ-साथ में शामिल हैं; स्टील, पीओएल जैसे निवेशों की लागत में वृद्धि होना, उपस्कर और श्रम की लागत में बढ़ोतरी होना, विनिमय दर में भिन्नता, कर और शुल्कों में अभिवृद्धि होना, निर्माण के दौरान ब्याज की राशि (आईडीसी) में वृद्धि होना, कार्य के स्वरूप में परिवर्तन करना और भूमि अधिग्रहण में विलम्ब होना ।

(ग) सरकार/सम्बन्धित क्रियान्वयन एजेंसियों द्वारा समयावधि के नियंत्रण हेतु भरसक प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे अन्ततः लागत मे वृद्धि होती है । परियोजना स्थलों का दौरा करना उच्च स्तर पर परियोजना प्राधिकारियों और प्रमुख उपस्कर सप्लाईकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठकें आयोजित करना, ताकि बाधाओं का पता लगाया जा सके और परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए समुचित उपचारात्मक उपाय किए जा सकें, जैसे उपायों के द्वारा विद्युत परियोजनाओं के क्रियान्वयन की सघन मानिटरिंग की जाती है ।

विवरण

क्र० सं०	परियोजना का नाम	स्वीकृति की तारीख	मूल लागत	संशोधित लागत (करोड़ रुपये में)
1	2	3	4	5
1.	दोयांग एचई परियोजना 3×25 मे०वा० [नागालैण्ड (नीपको)]	मार्च, 1975	56.77	243.82 (अक्तूबर, 1991)
2.	रंगानदी एचई परियोजना अरूणाचल प्रदेश 3×135 मे० वा० (नीपको)	अप्रैल, 1987	312.78	774.11

1	2	3	4	5
3.	असम गैस आधारित विद्युत परियोजना, काथलगुडी 291 मे०वा०(नीपको)	नवम्बर, 1987	203.17	895.77 (मई, 1992)
4.	नाथपा झाकरी एचई परियोजना 1500 मे०वा० हिमाचल प्रदेश एनजेपीसी	अप्रैल, 1989	1678.02	4337.95 (मार्च, 1993)
5.	मेजिया टीपीपी, डीवीसी 3×210 मे० वा०	मार्च, 1986	566.00	1861.44 (मार्च, 1994)
6.	पंचेत हाइडल यूनिट-2 40 मे० वा० डीवीसी	जनवरी, 1978	16.02	76.04 (दिसम्बर, 1994)
7.	बोकारो "बी" चरण-2 2×210 मे० वा० डीवीसी	जुलाई, 1981	186.93	351.34 (दिसम्बर, 1994)
8.	टनकपुर एचई परियोजना 3×40 मे० वा० उत्तर प्रदेश (एनएचपीसी)	जून, 1984	185.85	397.03 (मार्च, 1993)
9.	चमेरा एचई परियोजना चरण-1, 3×180 मे० वा० (एनएचपीसी) हिमाचल प्रदेश	सितम्बर, 1983	809.29	2400.00 (सितम्बर, 1993)
10.	सलाल एचई परियोजना चरण-2, 3×15 मे० वा० जम्मू एवं कश्मीर (एनएचपीसी)	मार्च, 1989	210.62	305.20 (अक्तूबर, 1994)
11.	उरी जल विद्युत परियोजना 4×120 मे० वा० जम्मू एवं कश्मीर (एनएचपीसी)	जून, 1989	1632.62	3043.46 (अक्तूबर, 1993)
12.	रंगीत एचई परियोजना, 3×20 मे० वा०, सिक्किम (एनएचपीसी)	अप्रैल, 1990	163.49	287.31 (जनवरी, 1994)
13.	झानोर-गांधार गैस पावर परियोजना 657 मे० वा०, गुजरात (एनटीपीसी)	मार्च, 1992	1656.30	2500.00